Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 12-08-2005

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Need to restore reservation for commuters between Rewari-Jaipur in Puja Express.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, मैं पूजा एक्सप्रेस के बारे में कहना चाहता हूं, जिसका नंबर 2414 है। यह जम्मूतवी से दिल्ली होते हुए जयपुर जाती है। मेरे लोकसभा क्षेत्र अलवर से यह ट्रेन सुबह आठ बजे रवाना होकर राजस्थान की राजधानी में करीब दस बजे के आसपास पहुंच जाती है। महोदय, पहले इस ट्रेन के अंदर अलवर से जयपुर तक के लिए सिटिंग रिजर्वेशन की सुविधा थी। अभी दस जुलाई से संपूर्ण ट्रेन में स्लीपिंग रिजर्वेशन कर दिया गया है। इस ट्रेन में मात्र डेढ़ डिब्बे ऐसे हैं जिनमें सामान्य श्रेणी के यात्री बैठ सकते हैं। महोदय, मेरे क्षेत्र से सैकड़ों की तादाद में जो दैनिक यात्री हैं, उनको बैठने का स्थान उपलब्ध नहीं है। अतः मैं इस सदन के माध्यम से रेलमंत्री से निवेदन करना चाहूंगा कि इस ट्रेन में पहले की भांति सिटिंग रिजर्वेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए अथवा इसमें पांच या छः डिब्बे सामान्य श्रेणी के जोड़े जाएं। धन्यवाद।